# टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश के लिए किया आकर्षित

लखनऊ : इन्वेस्ट यूपी और हथकरघा विभाग ने मुंबई में आयोजित गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया-2025 व्यापार मेले में निवेशकों को उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित किया। 22 से 24 मई तक आयोजित हो रहे इस व्यापार मेले में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, शशांक चौधरी ने राज्य सरकार की निवेश के अनुकूल नीतियों के बारे में जानकारी दी। (राब्यू)